तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार 20 मई 2024

11 आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें राजनीतिक दल

12 प्रशासन ने मॉक ड्रिल के नाम पर किया टटियाना बॉर्डर सील

R.E.D.
GROUP OF SCHOOLS
CHHUCHHAKWAS | JHAJJAR | CHARKHI DADRI
(AFFILIATED WITH CBSE, NEW DELHI)

Congratulations
Outstanding Results 2023-24

Jhajjar Distt. Topper
Class XII
Science Stream
Payal - 98.4%

Jhajjar Distt. Topper
Class XII
Commerce Stream
Vahini - 97.6%

Jhajjar Distt.
2nd Topper
Class X
Aadhar - 98.2%

Charkhi Dadri Distt.
2nd Topper
Class X
Mansi - 98.0%

Achievers of 12th Board Result (2023-24)

100% Result

Science

PAYAL 98.4%, ANSHIKA 95.6%, NEHA 94.4%, AASHMA 94.2%, MUSKAN 94.2%, UJJWAL 94.2%, NISHANT 94.0%, RASHMI 93.8%, TANVI 93.8%

SAHIL 93.4%, AKSHITA 93.0%, ANSHU 93.0%, RAJITA 92.8%, GITANJALI 92.6%, VINAY 92.6%, SANIA 92.2%, MONIKA 92.0%, ANJALI 91.4%, VINIT 91.2%

HIMANSHI 90.8%, AKANSHA 90.4%, KHUSHI 90.4%, SIMRAN 90.4%, MAYUR 90.2%, RIYA 90.0%, POOJA 90.0%, SUNNY 89.6%, SIMRAN 89.6%

06 Students 95% & Above
82 Students 85% & Above
41 Students 90% & Above
123 Students 80% & Above
275 Students Total Merits

Commerce

VAHINI 97.6%, SAUMYA 96.0%, TUSHAR 95.8%, PALAK 92.8%

Arts

HIMANI 94.8%, HARSHITA 94.4%, PRACHI 94.4%, NANCY 92.0%, MANISHA 91.8%, NIKITA 90.6%, ANURADHA 89.6%, DEEKSHA 89.6%, RITIK 89.6%

CLASS XII - SUBJECTWISE HIGHEST MARKS

SUBJECT	HIGHEST MARKS	SUBJECT	HIGHEST MARKS	SUBJECT	HIGHEST MARKS	SUBJECT	HIGHEST MARKS
Chemistry	100	Maths	96	English	100	Geo.	99
Biology	100	Economics	98	Pol. Sc.	100	Phy. Edu.	99
Physics	98	Accounts	97	Business Stu.	99	Computer Sc.	98

Achievers of 10th Board Result (2023-24)

100% Result

AADHAR 98.2%, NISHU 98.0%, MANSI 98.0%, ANURAG 97.8%, HARDIK 97.6%, JASMINE 97.6%, YASH 97.6%, AADIL 97.2%, PRIYANSHI 97.2%, KHUSHI 97.0%

SUBHAM 97.0%, NAMAN 97.0%, AMIT 97.0%, YASHIKA 97.0%, PRIYANSHI 96.8%, ANJALI 96.6%, RIYA 96.6%, YASHVARDHAN 96.6%, HIMANSHI 96.6%, LAVYA 96.6%

52 Students 95% & Above
128 Students 90% & Above
193 Students 85% & Above
260 Students 80% & Above
394 Students Total Merits

EKTA 96.4%, ANIKA 96.4%, YOGITA 96.4%, PRIYANSHI 96.4%, AADI 96.2%, BHAVI 96.2%, ARSHIYA 96.2%, DISHA 96.2%, PARAG 96.2%, YUVRAJ 96.0%, NIKHIL 96.0%, KHUSHMAY 95.8%, RAJAT 95.8%, VISHESH 95.8%, HARSHIT 95.8%, SHRISANT 95.6%

NIKITA 95.4%, VANSHIKA 95.4%, DHANANJAY 95.4%, AADITYA 95.4%, RAJAT 95.4%, RHYDAM 95.4%, ROHIT 95.2%, ANSHUL 95.2%, NAVYA 95.2%, MOHIT 95.0%, AADITYA 94.6%, GOURAV 94.6%, ROHIT 94.6%, YASH 94.6%, PALLAVI 94.6%, PRIYA 94.6%

CLASS X - SUBJECTWISE HIGHEST MARKS

Maths - 100	S.St.- 100	IT- 100	Science - 99	English - 98	Hindi - 98

For Online Registration visit : www.redschools.org Contact us : 9992114101 (Chhuchhakwas), 9992600417 (Jhajjar), 9992113926 (Dadri)

REGISTRATION OPEN
(For Classes : Nur. to 9th & 11th)

SPECIAL CLASSES FOR : IIT-JEE • NEET • NDA • NTSE • VVM

Hostel Facilities For Boys And Girls At Chhuchhakwas Branch

खबर संक्षेप

कार की टक्कर से बाइक सवार मां व बेटा घायल

जींद। गांव बुडायन निवासी संजय ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह मां को बाइक से लेकर कार्यवश उचाना जा रहा था। गांव के निकट ही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों मां व बेटा घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल उचाना पहुंचाया।

अवैध असलहा के साथ युवक गिरफ्तार

जींद। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव बीबीपुर बस अड्डे पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान गांव बीबीपुर निवासी प्रमोद के रूप में हुई।

मारपीट करने पर चार के खिलाफ मामला दर्ज

जींद। रोहतक रोड निवासी सुरेंद्र ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह टपरीवास कालोनी में वाटर कैंपर स्पलाई करने गया हुआ था। उसी दौरान उसकी दूसरे वाटर कैंपर स्पलायर विजय से कहासुनी हो गई। विजय ने फोन कर अपने परिजनों को बुला लिया और उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

पशुबाड़े का टूटा तालाभैंस तथा कटड़ी चोरी

जींद। गांव किलाजफरगढ़ निवासी गोबिंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने भैंस तथा कटड़ी को पशुबाड़े में बाधा हुआ था। रात को चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर उसकी भैंस तथा कटडे.को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का सुबह उस समय पता चला जब वह पशुचारा डालने पशुबाडे.में पहुंचा।

विहिप ने किया निःशुल्क सिलाई केंद्र का शुभारंभ

जींद। विश्व हिंदू परिषद, मातृशक्ति के संयुक्त तत्वावधान में सुभाष नगर के समीप सेवा प्रकल्पों की कड़ी में एक और निशुल्क सिलाई केंद्र का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में प्रांत सेवा प्रमुख राजीव भाटिया उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रांत सहमंत्री सुशील शास्त्री ने युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण मे सेवा प्रकल्पों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभाग मंत्री सुभाष गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया गया।

मां के साथ बाजार आई युवती लापता, केस दर्ज

जींद। गांव छात्तर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बेटी के साथ बाजार में खरीददारी करने आई हुई थी। उसकी बेटी दूसरी दुकान से सामान लाने की बात कह कर निकल गई। जिसके बाद वह वापस नही लौटी। उसकी बेटी का फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है।

मोबाइल टॉवर से बीटीएस कार्ड चोरी, मामला दर्ज

सफीदों। गांव आहुलाना (सोनीपत) निवासी कुलदीप ने कहा कि वह एसजी कंपनी में बतौर सुपरवाईजर कार्यरत हुं। मोबाइल कंपनी का एक टावर सफीदों शिव कालोनी में लगा हुआ है। 16 अप्रैल को टावर के डाऊन का अलार्म मिला। हमने टावर पर जाकर देखा तो टावर पर लगे बीटीएस कार्ड नही मिले, जिसकी वजह से टावर बंद हो रहा था। हमने उनकी काफी तलाश की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा।

17 बोतल शराब समेत एक गिरफ्तार

सफीदों। सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 17 बोतल शराब बरामद की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव मुआना में देवी सिंह नामक व्यक्ति अपनी दुकान के सामने सड़क के किनारे शराब बेचने का धंधा करता है। पुलिस ने मौके पर रेड की तो एक नौजवान लड़का अपने हाथ में प्लास्टिक कट्टा लेकर खड़ा हुआ था। पुलिस पार्टी को देखकर वह सड़क किनारे वापिस मुड़कर तेज-तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस ने उसे किसी तरह से काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम देवी सिंह निवासी मुआना बतलाया।

अपनी वोट की महत्ता को जानना जरूरी

प्रत्याशी के कार्य करने की क्षमता को देख करेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सुभाष चंद्र अनेजा

वासदेव सिंधवानी

मनोज वधवा

मीनाक्षी

समाजसेवी सुभाष चंद्र अनेजा ने कहा कि मतदाता अपने मत का प्रयोग सूझ के साथ करें। क्योंकि हमारा मत ही स्थायी सरकार ही सकरात्मक कदम उठा सकती है। राजनीतिक पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। ऐसे में हमारे द्वारा सोच समझ कर दिया गया वोट ही स्थायी सरकार को बनाने में मदद करेगा। मतदान करते हुए हर पहलू पर अच्छे से ध्यान दिया जाए तभी हम लोकतंत्र में मतदान की सार्थकता को सही मायने में पूरा कर सकते हैं।

बिना दबाव करें मतदान

समाजसेवी वासदेव सिंधवानी ने कहा कि मतदान बिना किसी दबाव से किया जाए, यही मतदाता की प्राथमिकता रहनी चाहिए। प्रत्याशी और कार्यकर्ता मतदाताओं के पास वोट की अपील लेकर पहुंच रहे हैं लेकिन हमें अपने मत का प्रयोग करते समय यह देखेंगे कि जो प्रत्याशी है वो जनता की आवाज सुनने वाला हो। जनता की आवाज को लोकसभा में बुलंद कर सके। इलाके के मुद्दों को उठा सके और लोगों की समस्याओं का निपटान कर सके।

मतदान कर देश को प्रगति पथ पर ले जाएं

युवा मनोज वधवा ने कहा कि मतदान करते समय यही सोच रखनी है कि जिस समय हम अपने मत का प्रयोग करें तो हमेशा यह ध्यान रखें कि हम जिसे मत दे रहे हैं वो देश को तरक्की की तरफ ले जाने वाला हो। नागरिकों के प्रति अपने दायित्व को समझे। हमारे देश की साफ सुथरी लोकतांत्रिक प्रणाली है। जिसका हम अहम हिस्सा हैं।

अपने वोट की कीमत को समझना जरूरी : मिनाक्षी

ग्रहणी मिनाक्षी ने कहा कि अपने मत की कीमत को समझना जरूरी है। क्योंकि हमारे द्वारा दिया गया मत ही सरकार चुनने में अहम भूमिका निभाएगा। इसलिए मत का प्रयोग करते समय ध्यान रखना चाहिए कि प्रत्याशी कैसा है और उसके चुने जाने पर आगे क्या योगदान हो सकता है। हालांकि इसमें राजनीतिक पार्टियों को भी ध्यान में रखा जाता है। फिर भी देश को बहुमत वाली सरकार मिले, जो स्वतंत्र निर्णय लेकर देश को आगे बढ़ाए।

उल्हाना देने गए व्यक्ति पर हमला कर किया घायल

जींद। गांव बराहकलां में खेत में पानी देने से 'वार फसल का खराब होने का उल्हाना देने गए व्यक्ति पर हमला कर घायल करने पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बराहकलां निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पड़ोसी सुरेंद्र ने पानी उसकी बीजी गई फसल ग्वार में खोल दिया। जिससे उसकी फसल खराब हो गई। जब वह उल्हाना देने सुरेंद्र के घर गया तो आरोपित ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने सुनील की शिकायत पर सुरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

डीआरडीए सभागार में माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए कार्यशाला आयोजित

चुनाव में पारदर्शिता के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर की अहम भूमिका : रजा

■ कार्यशाला में हिसार लोकसभा क्षेत्र से सामान्य ऑब्जर्वर गोपालचंद आईएएस रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। कार्यशाला में भाग लेते हुए अधिकारी।

लोकसभा चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर स्थानीय डीआरडीए सभागार में माईक्रो ऑब्जर्वर की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में जींद जिला में नियुक्त किए गए माईक्रो ऑब्जर्वर को उनकी ड्यूटी के बारे में जरूरी निर्देश दिए गए। इस दौरान हिसार लोकसभा क्षेत्र से सामान्य ऑब्जर्वर गोपालचंद विशेष रूप से मौजदू रहे और उन्होंने माईक्त्रो ऑब्जर्वर को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यशाला के दौरान वीसी के माध्यम से सोनीपत लोकसभा क्षेत्र की सामान्य ऑब्र्जवर डा. मंजुला और सिरसा लोकसभा क्षेत्र के सामान्य ऑब्जर्वर देवकृष्ण तिवारी भी जुड़े और उन्होंने भी कार्यशाला में मौजूद माईक्रो ऑब्जर्वर को मतदान के दिन की जाने वाली निगरानी व कार्योंर् के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की मौजूदगी व देखरेख में आयोजित हुई। कार्यशाला के दौरान माईक्रो ऑब्जर्वर को मतदान की संपूर्ण प्रकिया और उनके दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। माईक्रो ऑब्जर्वर को बाकायदा प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया कि उनकी ड्यूटी विशेषतौर पर संवेदनशील मतदान केंद्रों पर ही रहेगी। ऐसे में उनको और अधिक सावधानी व गंभीरता के साथ कार्य करना है। माईक्रो ऑब्जर्वर को मुख्य रूप से यह देखना होता है कि मतदान प्रक्रिया में चुनाव आयोग के निर्देशों की सही ढंग से पालना हुई है या नहीं। माईक्रो ऑब्जर्वर सबसे पहले ये देखें कि उनसे संबंधित मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप बिजली, पानी, रैंप व शौचालय आदि की सुविधा है या नहीं। मॉक पोल के साथ ही माईक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी शुरु हो जाती है।

मतदान के दौरान पारदर्शिता से कार्य करें

माईक्रो ऑब्जर्वर को कार्यशाला में जानकारी देते हुए बताया गया कि उनको दिनभर की अपनी रिपोर्ट संबंधित लोकसभा क्षेत्र में नियुक्त सामान्य ऑब्जर्वर को ही देनी होती है। माईक्रो ऑब्जर्वर को निर्देश दिए गए गए कि वे यह देखें कि पीठासीन अधिकारी या पोलिंग पार्टी द्वारा मतदान के दौरान पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है या नहीं। मतदान के दौरान मतदाता का वोट पहचान पत्र या अन्य आईडी देखना जरूरी है। इसी प्रकार से मतदान केंद्र पर अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश भी नहीं होना चाहिए। मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता पूरी तरह से बरकरार रखनी जरूरी है। उनको निर्देश दिए गए कि मतदान के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी होने की सूचना तुरंत प्रभाव से सामान्य ऑब्जर्वर की दी जाए। माईक्रो ऑब्जर्वर को बताया कि गया कि मतदान संपन्न होने के बाद संबंधित विधानसभा क्षेत्र की जहां पर ईवीएम जमा होंगे।ए वहीं पर एक काउंटर बनाया जाएगा, जहां पर माईक्रो ऑब्जर्वर अपनी रिपोर्ट बंद लिफाफे में जमा करवाएंगे। इसके साथ ही माईक्रो ऑब्जर्वर को बताया गया कि भले ही उनकी चुनाव में ड्यूटी लगी हो लेकिन वे अपने मत का प्रयोग जरूर करें। इसके लिए वे जरूरत के अनुरूप फार्म 12 और फार्म 12ए का प्रयोग करें। कार्यशाला में माईक्रो ऑब्जर्वर को इवीएम के प्रयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजकुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से माईक्रो ऑब्जर्वर को उनकी ड्यूटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

चुनावी रैली व रोड शो के लिए प्रशासन से लेनी होगी अनुमति

जींद। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में प्रत्येक राजनीतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाए जाएंगे। जिसमें राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों के साथ-साथ आमजन का सहयोग जरूरी है। उन्होंने बताया कि जिला में किसी भी राजनीतिक दल व उम्मीदवार की कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो उसकी अनुमति जिला प्रशासन संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी से लेनी जरूरी है। उन्होंने बताया कि रोड शो या काफिला निकालने के दौरान रोड़ जाम नहीं होना चाहिए। जहां पर अस्पताल व ट्रामा सेंटर होगा, वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात दस बजे से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जा सकता।

उम्मीदवारों के समर्थन को लेकर 21 को बैठक

जींद। सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने बताया कि लोकसभा के हरियाणा के 10 में से दो उम्मीदवारों का समर्थन का फैसला हो चुका है। आठ उम्मीदवारों के समर्थन का फैसला होना बाकी है। जो किसानों व सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगा, लोगों के दुख व सुख का साथी होगा, लोगों के बीच रहेगा, उसी का समर्थन किया जाएगा। कंडेला ने कहा कि हमारा किसी राजनीति पार्टी से संबंध नही है और वो ईमानदारी से लंबे समय से किसानों मजदूरों व गरीब आदमी की सेवा करेंगे और 36 बिरादरी के भाईचारे को मजबूत बनाएंगे। हरियाणा पंचायती प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व किसान नेता अभेराम कंडेला ने कहा कि लोकसभा के उम्मीदवारों के समर्थन के बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला की अध्यक्षता में 11 किसान नेताओं की कमेटी बनाई गई है। जो गंभीरता से विचार करके फैसला लेंगे। टेकराम कंडेला किसान आंदोलन हरियाणा का सबसे बड़ा चेहरा हैं। किसान आंदोलन की जीत व सामाजिक मुद्दों व पंचायत में अग्रणी भूमिका निभाई है। 21 मई को होने वाली बैठक में अहम निर्णय लिए जाएंगे।

मा. रोशन लाल की स्मृति में मानव मित्र मंडल ने वितरित की छात्रवृत्ति

■ सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना। विद्यार्थियों को छात्रवृति वितरीत करते हुए।

सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पूर्व अध्यापक व विश्वकर्मा मिडल स्कूल पूर्व मुख्याध्यापक रोशन लाल शर्मा की पुण्य स्मृति में मानव मित्र मंडल शाखा नरवाना ने विश्वकर्मा स्कूल के पाँच विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरित की। मंडल के सचिव नरेश वत्स ने बताया कि गत दिनों रोशन लाल का स्वर्गवास हो गया था। उन्होंने अपने जीवन काल में अध्यापन और शिक्षक वर्ग को गरिमा प्रदान की व एक लंबे समय तक सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना में एक अध्यापक के रूप में तथा विश्वकर्मा मिडल स्कूल में मुख्याध्यापक के रूप में उत्कृष्ट सेवाएँ दी। उनकी स्मृति में विद्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर विश्वकर्मा धर्मशाला व स्कूल के प्रधान जय किशन पांचाल, सचिव जय प्रकाश धीमान ने स्व. रोशन लाल की उत्कृष्ट सेवाओं को ज्ञापित किया और उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर मानव मित्र मंडल के संरक्षक दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष कर्मचंद मित्तल, सुशील पांचाल, वरिष्ठ अध्यापिका ऊषा महाजन व मुकेश ने भी अपनी भावांजलि अर्पित की।

भाविप जयंती शाखा ने शुरू किया मुफ्त सिलाई केंद्र

जींद। भारत विकास परिषद जयंती शाखा द्वारा रविवार को गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में निशुल्क सिलाई केंद्र शुरू किया गया है।

संस्था की महिला विंग द्वारा आज इस सिलाई केद्र की शुरूआत की गई। इस सिलाई केंद्र में जो भी महिलाएं और लड़कियां सिलाई सीखने आएंगी उन्हें भारत विकास परिषद द्वारा सिलाई मशीन व सभी जरूरत का सामान उपलब्ध करवाया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर डा. दिनेश गुप्ता, दिनेश गर्ग, नरेश जिंदल, राजीव गोयल, प्रवीण जिंदल, अमित गर्ग, पूनम रोहिल्ला, डा. सुधा मल्होत्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र का मंचन किया

■ लोक नाटक से सत्य की जीत एवं भाईचारे का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

tजींद। लोकनाटक का मंचन करते हुए कलाकार।

ऑन थिएटर ग्रुप एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की ओर से गांव डाहोला में खुला मंच पंचायती चबूतरा पर सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र लोक नाटक का मंचन किया गया । नाटक में शांति प्रेम भाईचारे एवं सत्य निष्ठा का संदेश देते हुए कलाकारों ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। पंडित लख्मीचंद द्वारा लिखित इस लोक नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन रिषि कपूर द्वारा किया गया है। राजा हरिश्चंद्र नामक इस लोक नाटक को हरियाणा की लोक नाट्य परंपरा स्वांग शैली में खेला गया। लोक नाटक में दिखाया गया कि सत्य निष्ठा और सत्य की मार्ग पर कैसे चला जा सकता है। कहानी सत्यव्रत के पुत्र राजा हरिश्चंद्र, उनकी पत्नी तारा एवं पुत्र रोहित के चारों ओर घूमती है। राजा हरिश्चंद्र की प्रसिद्धि चारों ओर फैल जाती हैद्ध रिषि विश्वामित्र उनकी इस सत्य निष्ठा की परीक्षा स्वयं लेना चाहते हैं। एक दिन राजा हरिश्चंद्र ने सपना देखा कि उन्होंने अपना सारा राज-पाट विश्वामित्र को सौंप दिया है। अगले ही दिन विश्वामित्र राजा के पास साक्षात पहुंच जाते हैं। राजा ने अपना सब कुछ विश्वामित्र को सौंप दिया। जब हरिश्चंद्र ने विश्वामित्र से पांच मोहरे मांगी तो उन्होंने कहा कि राजन आप सब कुछ दान में दे चुके हैं। फिर हरीश्चंद्र ने शमशान घाट पर काम किया। उनके बेटे को सर्प ने काट लिया। वहां भी उन्हें सत्य की परीक्षा देनी पड़ी। सत्यवादिता के चलते उनका बेटा भी भगवान की कृपा से जीवित हो गया। विश्वामित्र ने सारा राजपाट वापस कर दिया। इस प्रकार लोक नाटक में सत्य की जीत एवं भाईचारे का संदेश दिया गया। नाटक में हरियाणवी संस्कृति एलोकगीत एलोक संगीत एवं लोक वाद्य यंत्रों की सुनहरी छटा देखने को मिली। इस प्रकार के लोक नाटक के मंचन से जहां लुप्त होती लोक नाटक कला को बचाया जाता है वहीं लोक मनोरंजन भी होता है।

तन की खुराक भोजन तो मन की खुराक भक्ति

भक्ति के बल से मिलते हैं भगवान : अशोक

■ महाराजा अग्रसेन मंदिर में चल रहे भजन-कीर्तन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जींद। महाराजा अग्रसेन मंदिर में चल रहे भजन-कीर्तन में पहुंचे श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

पुरानी अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में चल रहे भजन-कीर्तन में पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि बिन पूजा कक्ष के सभी कक्ष बेकार है। जिस तरीके से शून्य की शोभा अंक के साथ होती है। इसी प्रकार मानव की कीमत भी भक्ति, प्रार्थना के साथ होती है। मानव महल में भक्ति प्रार्थना का कक्ष बनाएं। 58 घड़ी घर की पर दो घड़ी हर की। अर्थात 2 घड़ी का समय प्रभु भक्ति में अवश्य लगाए। प्रार्थना को पूजा, भक्ति, अर्चना, उपासना, सब कह सकते है सारी एक ही बात है। तन भोजन के द्वारा चलता है तो मन व आत्मा भक्ति के द्वारा चलती है। तन की खुराक भोजन तो मन की भक्ति है। संसार के प्रति आशक्ति वासना कहलाएगी तो प्रभु के प्रति आशक्ति भक्ति कहलाती है। भक्ति के बल से ही सदा भगवान मिलते है। उन्होंने कहा कि भक्ति चार प्रकार की होती है। आर्तभक्ति का मतलब होता है जो संसार के दुखों से ग्रस्ति होकर, चहुं ओर से निराशा होकर जो भक्ति की जाती है वो आर्त भक्ति कहलाती है। अर्थ भक्ति का मतलब जो स्वार्थ हेतु, धन प्राप्ति हेतु, लोभ के वशीभूत होकर जो भक्ति की जाती है अर्थ भक्ति कहलाती है। जिज्ञासा भक्ति न दुख, न अभाव, न प्रोलोभन, न लक्ष्य सिर्फ परमात्मा को जानने हेतु ये भक्ति की जाती है। तन्मय भक्ति इस भक्ति में कभी भी लोभ आगे नहीं आता।

उन्होंने कहा कि भक्तिवार भक्त कभी मौत से नहीं डरता। सूरज के उगने और डूबने का समय निश्चित है। गाड़ी के आने और जाने का समय भी निश्चित है मगर जिंदगी के विषय में कुछ भी निश्चित नहीं है। जीवन की गाड़ी कभी भी छूट सकती है। अतः चलने की पूरी तैयारी रखे। तैयारी नहीं होगी तो मामला गड़बड़ हो जाएगा। स्कूल जाने से वही बच्चा डरता है जिसने होमवर्क नहीं किया है। आयकर अधिकारी को देखकर वही व्यक्ति घबराता है जिसके बही खाते ठीक नहीं होते और मौत को देख वही व्यक्ति रोता-चिल्लाता है जिसकी चलने की पूरी तैयारी नहीं होती। जिसने कभी भक्ति नहीं की।

खेड़ी मसानिया में शिविर 51 यूनिट रक्त एकत्रित

उचाना। गांव खेड़ी मसानिया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल के निर्देशानुसार ब्लड बैंक अधिकारी डा. शिपरा की अध्यक्षता में लगे इस रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि के रूप में गांव की सरपंच कविता देवी पहुंची। ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर शिविर में भाग लिया और रक्तदान किया। कविता देवी ने कहा कि रक्त का दूसरा कोई विकल्प नही है। रक्त की कमी को केवल रक्तदान से ही पूरा किया जा सकता है। इसलिए 18 साल से ऊपर की आयु के स्वस्थ लोगों को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कमजोरी नही आती। तीन माह में ही दान किए गए रक्त की भरपाई हो जाती है।

खाटू श्याम, सालासर के लिए बस की रवाना

जींद। सालासर धाम के लिए बस को रवाना करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

श्याम सेवक समिति उचाना द्वारा पिछले कई सालों से श्रद्धालुओं खाटू श्याम, सालासर बस सेवा के माध्यम से दर्शन करवाए जाते है। फायर ब्रिगेड कार्यालय उचाना के पास एसएस जैन सभा के प्रधान दयानंद जैन एवं मंत्री मंडल ने बस को रवाना किया। दयानंद जैन ने कहा कि 2016 से श्याम सेवक समिति द्वारा खाटू श्याम, सालासर के लिए बस हर महीने की दसवीं को भेजी जाती है। बस के माध्यम से श्रद्धालु खाटू श्याम, सालासर धाम जाकर दर्शन कर सकते है। जो अन्य तीर्थ है उनके लिए भी इस तरह की बस हर महीने जाना चाहिए ताकि महीने में एक बार श्रद्धालु दर्शन करने जा सकें।

खबर संक्षेप

गोलीकांड को कभी भी भूल नहीं सकते किसान

पाई । रविवार को पाई की अनाज मंडी में किसानों की एक विशाल रैली हुई। इसमें हरियाणा व पंजाब से आए किसानों ने देश की भाजपा सरकार के द्वारा किसानों के साथ की गई नाइंसाफी के बारे में विस्तार से किसानों का अवगत करवाया और अब चुनाव में भाजपा संगठन को वोट की चोट से हर हाल में हराये। इस जनसभा में सर्वप्रथम आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के प्रति दाम मिनट का शोक भी रखा गया।

विवाहिता से मारपीट व छेडखानी का आरोप

कैथल। विवाहिता से मारपीट करने और छेडखानी के आरोप में पुलिस ने उसके पति सहित चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। राजौंद थाना के तहत एक गांव निवासी 23 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी शादी कुलदीप नाम के युवक के साथ हुई है। 18 मई को आरोपी कुलदीप ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। उसके जेठ ने छेडखानी की और सभी ने मिलकर उसे जहर देकर मारने का प्रयास किया।

ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

कैथल। युवती को स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर एक एजेंसी के संचालकों ने 10 लाख 31 हजार 250 रुपये ठग लिए। ढांड निवासी सोहल लाल ने पुलिस को शिकायत दी कि वह अपनी बेटी मनीषा को पढ़ाई के लिए विदेश भेजना चाहता था। इसके लिए उसने चंडीगढ़ में एमएस द स्फायर एजेंसी में संपर्क किया। फर्म की ओर से उसकी बेटी को ऑस्ट्रेलिया भेजने की बात कही गई। उसने सहमती दे दी।

लोगो व ट्रेड मार्क पर बिना अनुमति खोला कार्यालय

कैथल। चंडीगढ़ की एक एजेंसी के लोगो व ट्रेड मार्क पर एक आरोपी ने कैथल में बिना अनुमति के अपना इमिग्रेशन कार्यालय खोल लिया। जब एजेंसी को इसके बारे में पता चला और पड़ताल की तो पाया कि सच में लोगो और ट्रेड मार्क कॉपी किया गया था। पुलिस ने एजेंसी संचालक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। चंडीगढ़ निवासी रामचंद्र ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि उनकी कैनम कंसलटेंट के नाम से चंडीगढ़ में एक एजेंसी है।

21 आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की

कैथल। आपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते हुए आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 21 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 25 टीमों का गठन किया गया। जिसमें 87 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न जगहों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग अलग शीर्षक के 11 मामले दर्ज किए गए। जिनमें आबकारी अधिनियम के 6 मामलों में 6 आरोपी काबू करके 41 बोतल देसी व 20 बोतल हथकढी शराब व 435 लीटर लाहण बरामद किया गया है।

चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम न करें : प्रशांत

आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें राजनीतिक पार्टियां

दीवारों पर वॉल पेंटिंग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए : जिला निर्वाचन अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। राजनैतिक पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम ना किया जाए। धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार न करे। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग ना किया जाए। वोट लेने के लिए किसी भी मतदाता को डराया या धमकाया ना जाए। किसी निजी भवन की दीवारों पर मकान मालिक की अनुमति के बिना झंडे, पंफलेट, पोस्टर आदि ना चिपकाए जाएं। इसमें संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही हो सकती है। दीवारों पर वॉल पेंटिंग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए।

कैथल। जनरल ऑब्जर्वर डॉ. माधवी खोड़े चावरे कमीशनिंग के कार्य को देखते हुए।

कमीशनिंग कार्य का किया निरीक्षण

कैथल। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनरल ऑब्जर्वर डॉ. माधवी खोड़े चावरे ने रविवार को आईजी कॉलेज व आरकेएसडी कॉलेज व आरकेएसडी स्कूल में चल रहे ईवीएम कमीशनिंग के कार्य का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनरल ऑब्जर्वर के निरीक्षण दौरे में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार तथा संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ मौजूद रहे। जनरल ऑब्जर्वर डॉ. माधवी खोड़े चावरे ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 का मतदान 25 मई को होगा। इस चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाना हम सब की पहली प्राथमिकता है। कमीशनिंग के कार्य में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी इस कार्य को बड़ी ही सावधानीपूर्वक करें। कमिशनिंग के दौरान आयोग की गाइडलाइन का पूर्ण रूप अनुपालन होना चाहिए और गोपनीयता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि चारों विधानसभाओं की ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग, सिंबल अपलॉडिंग व चुनावी पार्टियों के लिए किट तैयार करने का कार्य चल रहा है। सारा कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जा रही है। इस कार्य में लगाए गए कर्मचारियों को आईडी कार्ड जारी किए गए हैं और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इस कार्य को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार सुनिश्चित किया जा रहा है। इस मौके पर पूंडरी एआरओ एवं एडीसी सी. जया श्रद्धा, कैथल एआरओ एवं एसडीएम सुशील कुमार, गुहला एआरओ एवं एसडीएम कृष्ण कुमार तथा कलायत एआरओ एवं एसडीएम सत्यावान सिंह मान सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

दिव्यांग मतदाताओं के लिए कारगर है ईसीआई सक्षम एप

कैथल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत पंवार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वर्गों की लोकसभा आम चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का प्रयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम ऐप बनाया गया है। यह मोबाइल ऐप एक प्रकार से दिव्यांग मतदाताओं के लिए वरदान है। दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस ऐप का उपयोग कर सकते हैं। सक्षम ऐप के इंटरफेस को दिव्यांगजनों की जरूरतों को देखते हुए उनके अनुकूल बनाया गया है। सक्षम ऐप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में अपना नाम देखने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकता है। नए मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण करवा सकता है, वोटर कार्ड में सुधार, वोटर कार्ड को आधार से जुड़वाने या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए अनुरोध कर सकता है। यहां तक कि चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के बारे में जानकारी भी प्राप्त कर सकता है।सक्षम ऐप द्वारा दिव्यांग मतदाता मतदान को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या के लिए संपर्क कर सकता है व शिकायत भी दर्ज कर सकता है। चुनावों से संबंधित ज्ञानवर्धन के लिए काफी लेख भी सक्षम ऐप पर उपलब्ध हैं। सक्षम ऐप गूगल प्ले स्टोर से अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर डाउनलोड करें। एप खुलते ही वोटर रजिस्ट्रेशन, पोलिंग बूथ पर सुविधाएं, वोटर कार्ड से संबंधित जानकारी और सूचना एवं शिकायत का ऑप्शन आएगा।

कैथल। पेंशन बहाली संघर्ष समिति की बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी।

पुरानी पेंशन नहीं दी तो कर्मचारी वोट नहीं देंगे

- पेंशन बहाली संघर्ष समिति की जिला इकाई ने बैठक में लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला कैथल की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को अग्रसेन धर्मशाला नजदीक अनाज मंडी कैथल में हुई जिसकी अध्यक्षता विजेंद्र धारीवाल प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा ने की और मंच संचालन सुरेंद्र माजरा जिला प्रधान कैथल ने किया । बैठक में सभी कर्मचारी साथी पुरानी पेंशन लागू करवाने के लिए एकत्रित हुए। कर्मचारियों ने एकमत से फैसला लिया कि अगर उनको पुरानी पेंशन नहीं दी जाएगी तो वह वोट नहीं देंगे। उनका नारा था, नो पेंशन नो वोट । बैठक में ऋषि नैन महासचिव हरियाणा ने साथियों को बताया की किस तरह से पुरानी पेंशन के लिए लगातार 2018 से ठढर पीड़ित कर्मचारी साथी संघर्ष कर रहे हैं। सुरेंद्र माजरा जिला प्रधान कैथल ने कहा कि कर्मचारी अब एकजुट हो चुके हैं । कर्मचारियों के पास एकता की ताकत है। अब वह पुरानी पेंशन लिए बिना नहीं मानेंगे। क्योंकि नेता चार-चार पेंशन ले रहे हैं और कर्मचारी 30-35 साल सरकारी नौकरी करने के बाद भी एक पेंशन का हकदार क्यों नहीं हो सकता। राजबाला कौशिक मैडम ने कहा कि कर्मचारी सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाते हैं लागू करते हैं तो सरकार को भी चाहिए कि सरकारी कर्मचारियों के हित में पुराने पेंशन लागू करें।

कांग्रेस ने सुरेश रोड़ को मीडिया प्रभारी बनाया

सुरेश रोड़

पूंडरी। हरियाणा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रोड पबनावा को लोकसभा मीडिया प्रभारी कि जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी द्वारा जारी की गई सूची में राजनीतिक तौर पर सबसे महत्वपूर्ण करनाल लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। सुरेश रोड़ ने बातचीत में कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा भाव व ईमानदारी से निभाएंगे। करनाल संसदीय क्षेत्र से भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल चुनाव मैदान में होने से कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता अपने प्रत्याशी बुद्धिराजा के चुनाव प्रचार में पहुंचेंगे। सुरेश रोड ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का आभार व्यक्त किया।

मतदान करने का न्योता दे रहे बीएलओ

- वितरित की जा रही वोटर स्लिप मतदाता गाइड व आमंत्रण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि भारत एवं हरियाणा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में लोकसभा चुनाव में 25 मई को मतदान करने के लिए बीएलओ द्वारा मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर स्लिप, मतदाता गाइड व आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अबकी बार लोकसभा चुनाव-2024 का थीम चुनाव का पर्व-देश का गर्व है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा अनूठी पहल की गई है, जिसमें निमंत्रण पत्र तैयार किया गया है। इस निमंत्रण पत्र का स्लोगन-भेज रहे हैं निमंत्रण, मतदाता तुम्हे बुलाने को, 25 को भूल न जाना वोट डालने आने को, प्रमुख है। उन्होंने बताया कि बीएलओ वोटर स्लिप के साथ उक्त निमंत्रण पत्र भी परिवार को दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि निमंत्रण पत्र के पिछली ओर मतदान करने की पूरी प्रक्रिया भी अंकित की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रक्रिया में पांच चरण होते हैं।

कैथल। आमंत्रण पत्र को दिखाते मतदाता।

नई शिक्षा नीति की जानकारी मुहैया करवाई

- दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राधा कृष्ण सीनियर सेकंडरी विद्यालय में सीबीएसई द्वारा दिनांक 18 व 19 मई को हिंदी विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रिसोर्स पर्सन शमशेर शर्मा ,डॉक्टर ममता ग्रोवर ,प्रधानाचार्य मीनू व एम डी लाभ सिंह लैलर द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रताप पब्लिक स्कूल करनाल के हिंदी विभागाध्यक्ष शमशेर शर्मा व दयाल पब्लिक स्कूल करनाल के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉक्टर ममता ग्रोवर रिसोर्स पर्सन रहे।। उन्होंने रोचक गतिविधियों, नवाचारों का परिचय व नई शिक्षा नीति से शिक्षकों को अवगत करवाया ताकि वह इन तरीकों का उपयोग करके कक्षा में बच्चों का मानसिक विकास कर सकें और उन्हें हिंदी भाषा व भारतीय संस्कृति के महत्व को समझासके। रिसोर्स पर्सन द्वारा बड़े ही मनोरंजक ढंग से अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। मीनू ने बताया की नई शिक्षा नीति के अनुसार सीबीएसई में 50 घंटे का शिक्षक प्रशिक्षण अनिवार्य होता है इसलिए हमें समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमो में भाग लेते रहना चाहिए। लाभ सिंह लैलर ने भी कार्यक्रम की सराहना की और बताया कि सीखने और शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती मानव अनवरत जीवन पर्यंत शिक्षा ग्रहण करता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय की तरफ से जलपान व्यवस्था उचित ढंग से सुनिश्चित की गई सभी अध्यापक इस प्रशिक्षण से पूरी तरह संतुष्ट थे और अन्य विद्यालयों से आए हुए सभी अध्यापकों ने विद्यालय के उचित प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम के संचालन में प्रधानाचार्य के नेतृत्व में काजल अंजू गीता व अशोक ने पूर्ण सहयोग दिया।

कैथल। दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के दौरान राधा कृष्ण स्कूल के अध्यापक।

कैथल। भारत विकास परिषद द्वारा लगाई मीठे व ठंडे पानी की छबील लगाते।

भाविप ने लगाई मीठे व ठंडे पानी की छबील

पूंडरी। भारत विकास परिषद फतेहपुर पुंडरी द्वारा बस अड्डे के सामने हुड्डा मार्केट में आज एकादशी के उपलक्ष में मीठे व ठंडे पानी की छबील मंडल अध्यक्ष विनोद बंसल के सौजन्य से लगाई गई। जिसमें शाखा के सदस्य मुनीश मित्तल, विजय कंसल, संदीप सिंगला, सुनील गर्ग व विनोद बंसल का विशेष योगदान रहा। छबील में 2000 लोगों ने मीठे पानी का आनंद लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनोद बंसल ने कहा कि गर्मी के तपते मौसम में यदि किसी व्यक्ति को ठंडे पानी की बूंद भी मिल जाए तो वह भी अमृत के सामान लगती है। उन्होंने युवाओं को समाज के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सामाजिक कार्य करने में जो आनंद व शांति मिलती है वह अन्य कहीं प्राप्त नहीं हो सकती है। इस कार्यक्रम में संरक्षक विनोद बंसल, शाखा अध्यक्ष प्रवीन मित्तल, सुधीर अहलूवालिया, डॉक्टर राजेश कुकरेजा, मुनीष गर्ग, नवीन टाया, बंसल, संदीप गर्ग, बलविंद्र मैहला, मुनीश मित्तल, अमित टाया, राजकुमार वर्मा उपस्थित थे।

मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले के महाभारत कालीन गांव खरक पांडवा में 10वीं का 12वीं कक्षा के मेरिट प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को शहीद भगत सिंह युवा क्लब के तत्वाधान में नगद पुरस्कार व मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत व गांव के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा देकर शुभकामनाएं प्रदान की गई। इसमें गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुरेश सहारण ने गांव के बच्चों की शिक्षा से संबंधित अडचन को दूर करने के लिए उनकी शिक्षा व्यवस्था का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि खेल व शिक्षा के क्षेत्र में ग्राम पंचायत व सरपंच द्वारा पूर्ण रूप से सहयोग किया जाएगा। मेधावी छात्र व छात्राओं को प्रतिवर्ष सम्मानित कर उनके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार ग्राम पंचायत द्वारा निरंतर किया जाएगा। गांव के सरकारी स्कूल प्रांगण में वाटर कूलर की व्यवस्था अति शीघ्र करवाई जाएगी। उन्होंने मेरिट प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व अध्यापक अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दी।


कैथल। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते ग्रामीण

कैथल। एसडीएम कार्लेज में आयोजित वर्कशॉप के दौरान।

सावित्री देवी मेमोरियल कॉलेज में लगाई कार्यशाला

राजौंद। सावित्री देवी मेमोरियल कॉलेज आफ फार्मेसी राजौंद में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमे बी फार्मेसी व डी फार्मेसी के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें पोटासाहिब से सीमा व राजीव ने रिवाइज्ड अनुसूची के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से रिवाइज्ड अनुसूची लागू हो जायगा जिससे फार्मा इंडस्ट्री के अन्दर बड़ा परिवर्तन आएगा। इस दौरान राजीव ने रोल आफ जी एम पी इन क्वालिटी मैनेजमेंट के बारे में बच्चो व स्टाफ को अवगत कराया। इस दौरान अक्षय कुमार ने अलग अलग कंपनी के अंदर रिप्रेजेंटेटिव के चुनाव कैसे होते है और उनके अंदर किन गुणों का होना जरूरी है इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान प्रिंसीपल डा. धीरेंद्र सिंह रोले आफ क्यू और क्यू सी के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया। इस दौरान एस डी एम कालेज के चेयरमैन अभिषेक ने मुख्यातिथि का आभार जताया। कालेज में बच्चों की प्लेसमेंट के लिए समाधान ग्रुप के साथ मिलकर काम करने व प्लेसमेंट का उचित समाधान पर विचार विमर्श किया गया।

विवि में ब्राइडिंग बैरियर्स पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में "ब्राइडिंग बैरियरसः एडवांसमेंटस एंड इन्नोवेशनस इन मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च इन द लाइट ऑफ एन.ई.पी.- 2020" विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. सुनील लूथरा निदेशक एआईसीटीई ने शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो.शमीम अहमद ने कि, इस अवसर पर कुलपति महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि शोध का जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है और एक शोधार्थी को हमेशा अपना शोध कार्य ईमानदारी से करना चाहिए। उन्होंने सेमिनार मे आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। डॉक्टर सुनील लूथरा ने सेमिनार आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में इस तरह के सेमिनार का होना बहुत जरूरी है क्योंकि इसका मुख्य विषय नई शिक्षा नीति 2020 को केंद्र बिंदु में रखकर निर्धारित किया गया है जो आने वाले समय में हर शोध क्षेत्र में शोधार्थियों एवं समाज के लिए बहुत ही ज्यादा उपयोगी साबित होगा। रोशन लाल ने कहा कि एक शोधार्थी को अपने व्यवहार में भी अपने शोध के विषय को लागू करना चाहिए ताकि वह एकाग्र होकर अपने शोध कार्य को अपने तय लक्ष्य सहित पूरा कर सके।

कैथल। एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के दौरान उपस्थित शोधार्थी और अधिकारी

ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर स्वच्छता के प्रति कार्यक्रम आयोजित

नगर को स्वच्छ बनाने की सभी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद में नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा के आदेशानुसार सुगम स्वच्छता के मास्टर ट्रेनर्स की टीम द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर स्वच्छता के प्रति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर शोभा, सोनिया व गीता ने बताया कि राजौंद नगर जिसको साफ स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हमारी सब की बनती है। उन्होंने बताया कि गीला कचरा व सूखा कचरा कौन सा होता है और गीले व सूखे कचरे को अलग.अलग करना क्यों जरूरी है। टीम ने लोगों को बताया कि इस नगर से प्रतिदिन 13 टन कचरा निकलता है यानी प्रति माह 390 टन कचरा निकलता है। लोगों से कहा कि कचरा नगर पालिका की गाड़ी में ही डालें व कचरे को इधर-उधर ना फेंके इससे आपका शहर साफ सुथरा रहेगा। लोगों को बताया कि कचरा अलग.अलग देने से कचरा का सही विस्तारण करना सुनिश्चित हो पाएगा।लोगों को मालूम ही नहीं कि उनके घर से निकलने वाला कचरा कहां जाता है।

कैथल। स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए टीम सदस्य।

सूखा व गीला कचरा अलग रखें

करनाल नगर निगम क्लस्टर हेड है जहां प्लांट की क्षमता 250 टन प्रतिदिन है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र, करनाल व कैथल सहित 18 शहरी स्थानीय निकायों का कचरा करनाल ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र पर जाता है। जहां गीले कचरे को खाद में परिवर्तित किया जाता है और सूखे कचरे को कूड़ा बीनने वाले उठाकर बेच देते हैं। जिससे कचरे का सही विस्तारण हो पता है। सुगम स्वच्छता की टीम ने मार्केट में जाकर दुकानदारों से अपील की क गीला कचरा व सूखा कचरा अलग.अलग रखें और नगर पालिका की गाड़ी में ही डालें।अपने आसपास की साफ सफ ाई का विशेष ध्यान रखें। राजौंद शहर को सर्वेक्षण 2024 में प्रथम स्थान दिलाने में नगर पालिका का सहयोग करें। इस दौरान एस आई प्रदीप कुमार, सुपरवाइजर कपिल व उनकी टीम के लोग मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

पिस्तौल के साथ युवक काबू, मामला दर्ज

जींद। जुलाना थाना पुलिस ने एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। जुलाना थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव लिजवाना खुर्द के बस अड्डे पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक मे है। सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो एक युवक पुलिसकर्मियो को देख कर भागने लगा। पुलिसकर्मियो ने पीछा कर युवक को घर दबोचा।

दुकानदारों ने लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील

राजौंद। गर्मी की तपिश में जहां हर कोई बेहाल नजर आ रहा है वहीं पुण्य कमाने वाले लोग भी इसमें पीछे नहीं है। पीएनबी बैंक के पास दुकानदारों ने भीषण गर्मी में आने जाने वाले राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई। इस बारे दुकानदार बिट्टू अरोडा, राममेहर, अक्षय, बंटी बत्तरा, धमेंद्र अरोड़ा ने बताया की यह ठंडे मीठे पानी की छबील सुबह 9 बजे शुरू की गई और लगातार शाम तक जारी रही।

महिला से मारपीट करने पर दंपत्ति नामजद

जींद। सिविल लाइन थाना के निकट महिला के साथ मारपीट करने तथा बदसलूकी करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अर्बन एस्टेट निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सैक्टर आठ की तरफ से घर लौट रही थी। सिविल लाइन थाना के निकट शिव कालोनी निवासी अशोक तथा उसकी पत्नी सुमन ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट की।

केवाईसी से मतदाता देखें प्रत्याशी की प्रोफाइल : रजा

जींद। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं के अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए चुनाव आयोग ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आमजन अपने लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों की प्रोफाइल से अवगत हों, इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी (नो योर कैंडिडेट) एप की शुरुआत की है। जिसके द्वारा मतदाता चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन में दर्ज जानकारी को देख सकते हैं।

रास्ते के विवाद में मारपीट करने पर तीन नामजद

जींद। गाव सींसर में रास्ता विवाद को लेकर तीन लोगों ने हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव सींसर निवासी सुरेश ने बताया कि उसका गांव के वजीर परिवार से खेत के रास्ते को लेकर विवाद चला आ रहा है। उसी रंजिश के चलते वजीर परिवार ने उसे रास्ते मे घेर लिया और हमला कर दिया।

गुहला प्रशासन ने मॉक ड्रिल के नाम पर किया टटियाना बॉर्डर सील

प्रशासन ने किसानों के दिल्ली जाने की कॉल पर 4 महीने पहले भी किया था बॉर्डर सील

- भीषण गर्मी में आने व जाने वालों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका

गुहला चीका। पूरी तरह से सील किया गया टटियाना बॉर्डर। फोटो :हरिभूमि

गुहला प्रशासन ने मॉक ड्रिल के नाम पर हरियाणा पंजाब सीमा पर स्थित टटियाना बार्डर को एक बार फिर सील कर दिया है। मालूम रहे कि प्रशासन ने 4 माह पहले भी किसानों द्वारा दिल्ली जाने की धमकी को देखते हुए बार्डर को सील किया था। परंतु जब टटियाना बार्डर पर लम्बे समय तक कोई भी किसान आन्दोलन करने के लिए नहीं आया तो फिर प्रशासन ने आम लोगों के लिए यह रास्ता खोल दिया था। परंतु आज एक बार फिर अचानक प्रशासन ने टटियाना बार्डर पहले की तरह ही सील कर दिया है और बार्डर पर लोकल पुलिस बड़ी संख्या में तैनाती की गई है। हालांकि प्रशासन टटियाना बार्डर को सील करने के पीछे चुनावों में सुरक्षा की दृष्टि से मोक ड्रिल ही मान रहा है परंतु आम लोगों व किसानों का कहना है कि अब तो किसी भी किसान जत्थेबंदी की किसी भी कार्यक्रम की कोई काल भी नहीं है परंतु फिर ना जाने क्यों प्रशासन द्वारा उक्त बार्डर को सील करके लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बार्डर बंद होने से आज एक बार फिर भीषण गर्मी में हरियाणा व पंजाब से आने व जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि गर्मी के चलते महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को रास्ता तय करने में भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। टटियाना बार्डर सील किए जाने को लेकर क्षेत्र के लोग आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की कैथल में हुई रैली को भी बता रे हैं क्योंकि आरोप है कि पंजाब से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता व किसान कैथल रैली में पहुंचकर प्रदर्शन ना कर सके। कुछ किसान किसानों की गांव पाई में होने वाली महापंचायत को भी बार्डर बंद करने का कारण बता रहे हैं। किसानों का कहना है कि प्रशासन को इस बात की शंका थी कि कहीं पंजाब क्षेत्र के किसान भी इस महापंचायत में हिस्सा लेकर सरकार के खिलाफ किसी बड़ी कार्रवाई को अंजाम ना दे दें, जिसके चलते उक्त बार्डर सील किया गया है। इस बीच आम आदमी पार्टी के जिला प्रधान गज्जन सिंह ने बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद्र केजरीवाल का कुरुक्षेत्र से गठबंधन प्रत्याशी डाक्टर सुशील गुप्ता के पक्ष में एक दो दिन में चीका में एक विशाल रोड शो होने जा रहा है, जिसको लेकर हरियाणा सरकार व प्रशासन को लगता है कि केजरीवाल के रोड शो में पंजाब से आप नेता व कार्यकर्ता चीका आकर उनके रोड शो में भाग ले सकते हैं नतीजतन उन्हें रोकने के लिए ही यह बार्डर सील किया गया है।

सुरक्षा की दृष्टि से की मॉक ड्रिल

इस सम्बन्ध में डी.एस.पी. गुहला कुलदीप बैनीवाल ने कहा कि लोकसभा चुनावों को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से मोक ड्रिल की गई है जिसे रिहर्सल के बाद खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पैदल जाने का रास्ता पहले ही छोड़ दिया गया था।

भीषण गर्मी से जनजीवन हुआ बेहाल, घरों में कैद होने को मजबूर लोग

तीन दिनों से पारा 44 डिग्री, 21 किमी प्रति घंटा की स्पीड से चली गर्म हवाएं

मौसम विभाग के अनुसार 25 मई तक शुष्क रहेगा मौसम और 46 डिग्री तक पहुंच सकता है पारा

धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दे रहे चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज. जींद

जींद। भीष्ण गर्मी के बीच चेहरा ढांप कर दोपहिया वाहन चलाते हुए चालक। फोटो :हरिभूमि

पिछले तीन दिन से लगातार पारा 44 डिग्री रह रहा है। गरम हवाओं के साथ भीष्ण गर्मी कोई कोर कसर नही छोड़ रही है। जिसका सीधा असर जनजीवन पर साफ देखने को मिल रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार गर्मी से राहत मिलने के अभी कोई आसार नही है। तापमान में और ज्यादा इजाफा होगा। वहीं, गर्मी से बचने के लिए लोग घरों में ही रहना पसंद कर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी चुनाव कर्मियों को उठानी पड़ रही है। जिन्हें भीष्ण गर्मी के बीच चुनाव प्रक्रिया को लेकर लगातार आयोजित की जा रही कार्यशालाओं में भाग लेना पड़ रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 14 प्रतिशत व हवा की गति 21 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। तापमान में इजाफा को देखते हुए चिकित्सकों ने लोगों को धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है। दिन निकलने के साथ आग उगल रहा सूर्य, पारा उफान की तरफ दिन निकलने के साथ सूर्य आग उगलने लगता है। हवा की गति तेज होने के चलते सूर्य की किरणें चुभने लगती हैं। रविवार को छुट्टी होने के चलते दोपहर को सड़कें तथा बाजार पूरी तरह से सुनसान नजर आए। बहुत कम वाहन सड़कों पर दिखाई दिए। जो लोग बाहर थे, उन्होंने भी जल्द से जल्द अपने काम निपटाए और वापस घरों में दुबक गए। भीष्ण गर्मी का असर जनजीवन पर साफ देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार 25 मई तक मौसम शुष्क रहेगा और तापमान 46 डिग्री तक पहुंच सकता है। न्यूनतम तापमान 28 से 29 डिग्री के बीच बना रहेगा। वहीं हवा की गति 15 से 19 किलोमीटर प्रति घंटा बनी रहने की संभावना है। नागरिक अस्पताल की फिजिशियन डा. विनिता ने कहा कि इस समय इतनी तेज गर्मी पड़ रही है कि व्यक्ति किसी भी समय बीमार हो सकता है। सुबह दस बजे के बाद और शाम चार बजे से पहले घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए।

स्वच्छ पेय पदार्थ का ही सेवन करने की सलाह

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि पिछले तीन दिन से तापमान 44 डिग्री रह रहा है। इसका असर स्वास्थ्य पर देखने को मिल रहा है। ऐसे में भीषण गर्मी को देखते हुए धूप में निकलने से बचें, जरूरी हो तो अपने शरीर को कपडे से ढांपे। 'यादा से 'यादा स्वच्छ पेय पदाथारें का प्रयोग करें। तबीयत खराब होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। उधर, मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं हे। तापमान 46 डिग्री पहुंचने की संभावना है।

बढ़ी गर्मी के साथ ही बिजली खपत भी पहुंची आसमान पर

- मात्र एक सप्ताह में नौ लाख यूनिट की खपत बढ़ ज्यादा
- फिलहाल बिजली की 70 लाख यूनिट हो रही खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

लगातार बढ़ रही गर्मी से बिजली खपत भी बढ़ गई है। पिछले एक सप्ताह में दस लाख यूनिट से 'यादा बिजली की खपत बढ़ चुकी है। वहीं जिले में कई जगह लोड बढ़ने की शिकायतें आ रही है। ऐसे में केबल जलने की शिकायतें मिल रही है। वहीं फ्यूज, कंडक्टरों में फाल्ट भी बढ़ रहे हैं। जिससे बिजली कर्मचारियों को फाल्ट ठीक करने में लंबा समय लगा रहा है। इसके कारण उपभोक्ताओं को गर्मी से जूझना पड़ रहा है। निगम सर्कल में प्रतिदिन 200 से ज्यादा जिले में फिलहाल बिजली की खपत 70 लाख यूनिट तक पहुंची है जो कि पिछले सप्ताह से दस लाख यूनिट से ज्यादा है। इससे पहले 13 जून को बिजली खपत 70.54 लाख यूनिट थी लेकिन जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती गई वैसे-वैसे बिजली खपत में भी बढ़ोत्तरी होती गई। अब बिजली की लगातार मांग बढ़ती जा रही है। क्योंकि बिना बिजली के गर्मी में गुजारा होना मुश्किल है। अब तो कूलर और एसी के बिना पसीने नहीं सूख रहे हैं।

61.07 से 70.40 लाख यूनिट तक पहुंची खपत

तिथि	बिजली खपत
12 मई	61.07 लाख यूनिट
13 मई	61.74 लाख यूनिट
14 मई	63.71 लाख यूनिट
15 मई	64.44 लाख यूनिट
16 मई	67.85 लाख यूनिट
17 मई	68.45 लाख यूनिट
18 मई	69.70 लाख यूनिट
19 मई	70.40 लाख यूनिट

जरूरत होने पर ही बिजली उपकरण चलाएं : जितेंद्र

बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता जितेंद्र दुल ने कहा कि गर्मी में वृद्धि के साथ ही बिजली की खपत में भी वृद्धि हुई है। जिसके चलते ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ रहा है। लाइन और केबल में फाल्ट की जैसे ही शिकायत मिलती है तो तुरंत उसे ठीक करवाया जाता है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि जरूरत हो तो ही बिजली उपकरणों को चलाएं। जरूरत न होने पर बिजली उपकरणों की सप्लाई को बंद रखें।

हादसे में रामगढ़ पांडवा के परिवार की मौत

- नम आंखों के साथ ग्रामीणों ने दी तीन लोगों को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

सम्मत व पत्नी सविता का फाइल फोटो

कलायत के गांव रामगढ़ पांडवा में आज चूल्हे नहीं जले और इलाके में मातम है। इस गांव के छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर में कोयला व्यापार कर रहे सम्मत सहारण (44), पत्नी सविता (40) और बेटी एकता (16) मौत के साथ सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बेटा सन्नी (18) बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसा उस समय हुआ जब वे परिवार सहित गर्मियों की छुट्टियों में गांव आ रहे थे। इसी दौरान उत्तर प्रदेश के झांसी के पास सडक हादसे में बड़ी घटना घटित हो गई। रामगढ़ पांडवा गांव के सरपंच प्रतिनिधि अशोक सहारण, सतीश कुमार और अनिल ने बताया कि पहले सभी घायलों को झांसी व ग्वालियर के नजदीक कस्बा सागर के अस्पताल में दाखिल करवाया गया। तीन सदस्यों को डाक्टरों के दल ने मृत घोषित कर दिया। जबकि सन्नी का उपचार जारी है। फिलहाल उसे मालूम नहीं है कि उनके माता, पिता बहन आज दुनिया में नहीं हैं। पोस्टमार्टम के बाद रविवार सुबह एक साथ परिवार के तीन सदस्यों के शव गांव में पहुंचे। सम्मत सहारण के छोटे भाई संदीप ने अंतिम पड़ाव स्थल पर भाई, भाभी व भतीजी को भारी संख्या में मौजूद परिवार, गांव व सगे-संबंधियों के साथ मुखाग्नि दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 25 वर्ष पहले सम्मत सहारण रोजगार के लिए रायपुर गया था। पहले उसने एक निजी कंपनी में काम किया। बाद अपना कारोबार करते हुए दंपति के साथ यहीं रहने लगे। मेलमिलाप के चलते वे बच्चों की छुट्टियों में गांव आ रहे थे। इसी बीच सडक हादसे ने परिवार पर संकटों का पहाड़ तोड़ दिया। सडक हादसे से पहले 1 घंटा 17 मिनट व 3 सैकेंड तक सम्मत सहारण की पत्नी सविता अपने फेस बुक पेज से लाइव चली।

हथियारों से हमला कर व्यक्ति की हत्या

कैथल। गांव रोहेड़ा में अपने घर में अकेले रह रहे 45 वर्षीय व्यक्ति की अज्ञात आरोपियों ने तेजधार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी मौके से भाग गए। जब पड़ौसियों ने उसे संभाला तो गांव देवीगढ़ में रह रहे परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर परिजन गांव में पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने परिजनों के सहयोग से मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल पहुंचा। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव रोहेड़ा निवासी महीपाल ने राजौंद थाना में शिकायत दी कि वह दूध की डेयरी का काम करता है और कैथल में रहता है। उसके बड़े भाई राजेंद्र के बच्चे किराये के मकान में शेरगढ़ गांव में रहते हैं।

पोलिंग अफसरों को दी मतदान की जानकारी

- डीआरडीए सभागार में पोलिंग ऑफिसर के लिए कार्यशाला का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद। ईवीएम मशीनों की जानकारी लेते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में स्थानीय डीआरडीए सभागार में रविवार को पोलिंग ऑफिसर के लिए कार्यशाला का आयोजन हुआ। पोलिंग अधिकारियों को मतदान के दौरान उनके कार्यों की बारीकी से जानकारी दी गई। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राज कुमार ने विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान पोलिंग अधिकारियों को जरूरी जानकारी देते हुए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राज कुमार ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में पोलिंग अधिकारी को बड़ी ही सकर्तता के साथ कार्य करना होगा है। पोलिंग अधिकारी को सबसे पहले उसके मतदाता होने की पहचान करनी होती है जो कि वोटर आईडी से देखी जाती है। उसके बाद यह देखना होता है कि उसका वोटर लिस्ट में नाम है या नही। यदि वोटर लिस्ट में नाम है तो उसको वोट डालने के लिए स्लिप प्रदान की जाती है। मतदाता की उंगली पर स्याही का निशान लगाया जाता है और उसके बाद वोट डाला जाता है। ये सभी कार्य पोलिंग ऑफिसर द्वारा किए जाते हैं, ऐसे में पोलिंग ऑफिसर को बड़ी ही सावधानी के साथ अपनी ड्यूटी करनी होती है। जरा सी लापरवाही मतदान प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर देती है। उन्होंने कहा कि चुनाव की पारदर्शिता के लिए जरूरी है कि चुनाव आयोग के सभी निर्देशों की पालना की जाए।

कर्मचारी को हनी ट्रैप में फंसाया, तीन गिरफ्तार

- रेप केस में फंसाने की धमकी देकर मांगे रहे थे 12 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

कर्मी को हनी ट्रेप में फांस झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी दे ब्लैकमेल कर खाली चैक लेने तथा 12 लाख रुपये की डिमांड करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ धमकी देकर अवैध वसूली, ब्लैकमेल करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले मे तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। शहर थाना इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सरकारी विभाग में कर्मी है। एक महिला ने उसे हन्नी ट्रेप में फांस लिया और उसे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी। जिसमें महिला के साथी गांव गोसाईखेड़ा निवासी प्रवेश, गांव शामलो कलां निवासी संदीप, भटनागर कालोनी निवासी मोटी तथा महिला के पति ने उस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। गत 20 अप्रैल को आरोपितों ने न्यू सफीदों रोड बाईपास कार्यालय में मारपीट कर 12 लाख रुपये की डिमांड की और उससे तीन खाली चैक भी ले लिए। जिसके बाद भी आरोपितों ने उसे ब्लैकमेल तथा प्रताड़ित करना जारी रखा। सिविल लाइन थाना पुलिस व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात महिला, उसके पति तथा प्रवेश, संदीप, मोंटी के खिलाफ ब्लैकमेल कर अवैध वसूली करने, धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपित मोंटी, प्रवेश तथा संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस महिला तथा उसके पति की तलाश कर रही है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुखबीर ने बताया की ब्लैकमेल की अवैध वसूली की शिकायत मिली थी। कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

भाई की हत्या करने का आरोपी भाई गिरफ्तार

- नशे में बदला लेने के लिए की बड़े भाई की हत्या

उचाना। लोधर गांव में आपसी झगड़े में बदला लेने की नियत से शराब के नशे में बड़े भाई की हत्या करने के आरोपी सुनील को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि लोधर गांव के आस-पास सुनील को गिरफ्तार किया। पुलिस को जानकारी मिली की हत्यारोपी सुनील गांव के आस-पास है जो भागने की फिराक में है। पुलिस ने सुनील को टीम बना कर गांव के आस-पास गिरफ्तार किया। जिन लाठी-डंडों से पिटाई कर, तेजधार हथियार से संदीप (45) की मौत की थी कोर्ट से रिमांड पर लाकर उनको बरामद किया जाएगा। उचाना थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि सुनील की अपने बड़े भाई संदीप के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश के चलते संदीप से बदला लेने की बात सुनील मन में पाले हुए था।

समस्या एक महीने में चार हजार यात्रियों ने भी नहीं किया ट्रेन में सफर

जींद से सोनीपत रेलवे लाइन पर यात्रियों की हो रही भारी कमी

पिंडारा जंक्शन पर सुविधाओं का अभाव, बंदरों के आतंक से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद। पिंडारा रेलवे जंक्शन पर बैठे बंदर,जिनका खतरा यात्रियों को बना रहता है।

रेलवे विभाग जींद से सोनीपत रेलवे लाइन पर यात्रियों की भारी कमी से जूझ रहा है। इस रेलवे लाइन पर एक महीने में चार हजार यात्री भी ट्रेन में सफर नहीं कर रहे। जिस कारण रेलवे के लिए यह रूट घाटे का सौदा साबित हो रहा है। पिंडारा जंक्शन पर सुविधाओं का भी काफी अभाव है। यहां बंदरों का आतंक है तो पेयजल की भी सुविधा नहीं है। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही है।

आठ वर्ष पहले शुरू हुई थी इस रूट पर रेल सेवा

गौरतलब है कि लगभग आठ वर्ष पहले जींद-सोनीपत रूट पर रेल सेवा शुरू हुई थी। सोनीपत के तत्कालीन सांसद रमेश कौशिक ने खुद इस ट्रेन में गोहाना से पिंडारा तक का सफर तय किया था । रेलवे को भी उम्मीद थी कि जींद को रेल मार्ग से सीधे गोहाना होते हुए सोनीपत और आगे दिल्ली तथा अंबाला जोड़ने वाले रूट पर ठीकठाक संख्या में यात्री मिल जाएंगे लेकिन रेलवे के अनुमान सही साबित नहीं हो पाए।

जींद रेलवे जंक्शन, छोटे रेलवे स्टेशन, पिंडारा जंक्शन से रेल में चढ़ने वाले यात्रियों की औसत निकाली जाए तो चार हजार यात्री भी यहां से सोनीपत की तरफ सफर नही करते हैं। हालांकि जींद से दिल्ली, बठिंडा, कुरुक्षेत्र, पानीपत, जाखल की तरफ जाने वाली सभी ट्रेनों में यात्रियों की संख्या काफी अच्छी है लेकिन इस रूट पर यात्रियों की संख्या बहुत कम है। जंक्शन पर हालत ये है कि एक महीने में औसतन 1500 से 1600 टिकट ही बिक पा रही हैं। जींद जंक्शन और छोटा रेलवे स्टेशन पर टिकटों की बिक्री संख्या इससे भी कम है। यह हालत तो तब है जब जींद-सोनीपत के बीच ट्रेन तीन चक्कर लगाती है। एक दिन में बड़ी मुश्किल से 80 से 90 यात्री ही पिंडारा से ट्रेन के तीन चक्करों में सवार होते हैं।

रेलवे स्टेशन पर सबसे बड़ी समस्या पानी की : कुलदीप

सहायक रेलवे स्टेशन मास्टर कुलदीप जागलान ने बताया कि यहां बंदर भी बहुत बड़ी समस्या है। इसके अलावा रेलवे जंक्शन तक सीधा और पक्का रास्ता नहीं होने से भी यात्रियों को दिक्कत हो रही है। सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की कमी है। अगर कोई समाज सेवी संस्था यहां पीने के पानी का आरओ वाला वाटर कूलर लगा देती हैए तो यात्रियों की दिक्कत दूर हो सकती है।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

सफीदों। गांव मुआना में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान दीपा (26) के रूप में हुई है। मामले की सूचना पाकर सफीदों पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में रखवाया। मायका पक्ष ने हत्या के आरोप लगाए हैं। उधर दीपा के काफी तादाद में परिजन नागरिक अस्पताल में जुट गए। दीपा के परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि गन्नौर (सोनीपत) निवासी दीपा की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व गांव मुआना निवासी अनिल के साथ हुई थी। पिछले कई सालों से दीपा के साथ ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। 10 दिन पहले भी दीपा के साथ काफी झगड़ा व मारपीट की थी। जिस पर दीपा ने गांव में पुलिस बुलाने के साथ भी फोन करके सूचित किया था। इसके बाद दीपा का जेठ सुनील जोकि दिल्ली में रहता है, उसका फोन आया कि दीपा ने गांव में पुलिस बुला कर हमारी नाक कटवा दी है। या तो इसे यहां से ले जाओं अन्यथा वे इसे मार देंगे।